# आगरा में फुल मोशन सिम्युलेटर सुविधा का उद्घाटन

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तर प्रदेश के **आगरा वायु सेना स्टेशन में** भारतीय वायु सेना (IAF) C-295 फुल मोशन सिम्युलेटर (FMS) का उद्घाटन किया गया। इससे **सिम्युलेटर में पायलट प्रशिक्षण का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा पूरा किया जा सकेगा,** जिससे विमान पर उड़ान के कीमती घंटों की बचत होगी।

## मुख्य बिंदु

- यह सिम्युलेटर **पायलटों को अत्यधिक वास्तविकता के निकट प्रशिक्षण प्रदान करता है** तथा सामरिक एयरलिफ्ट, पैरा-ड्रॉपिंग, पैरा-ट्रूपिंग, चिकित्सा निकासी तथा आपदा राहत जैसे अभियानों का अनुकरण करता है।
  - यह **महत्त्वपूर्ण परिदृश्यों का अनुकरण भी करता है, जिससे वास्तविक दुनिया के संचालनों के लिये पायलटों की तत्परता बढ़ती है** और तीव्र, उच्च-दाँव वाले निर्णय लेने की उनकी क्षमता में सुधार होता है, जिससे सैन्य उड़ानों की समग्र सुरक्षा बढ़ जाती है।
- भारतीय वायुसेना में C-295 विमान के शामिल होने से **देश के एयरोस्पेस उद्योग को मज़बूती मिलेगी, क्योंकि यह** निजी क्षेत्र के परिवहन विमान उत्पादन में **"आत्मनिर्भर भारत"** की शुरुआत का प्रतीक है।
- **C-295 विमान:**
  - यह समकालीन प्रौद्योगिकी वाला **5-10 टन क्षमता वाला परिवहन विमान है।**
  - मज़बूत और विश्वसनीय, यह एक **बहुमुखी और कुशल सामरिक परिवहन विमान है** जो कई अलग-अलग मिशनों को पूरा कर सकता है।
- **विशेषताएँ:**
  - 11 घंटे तक की उड़ान क्षमता वाला यह विमान **सभी मौसम की परिस्थितियों में बहु-भूमिका संचालन कर सकता है।**
  - यह रेगिस्तान से लेकर समुद्री वातावरण तक दिन के साथ-साथ रात के लड़ाकू मिशनों को भी संचालित कर सकता है।
  - इसमें **सैनिकों और कार्गो की त्वरित प्रतिक्रिया और पैरा ड्रॉपिंग के लिये पीछे की ओर रैंप दरवाज़ा है।** अर्द्ध-निर्मित सतहों से कम दूरी पर उड़ान भरना/उतरना इसकी एक और विशेषता है।
- **प्रतिस्थापन:**
  - यह भारतीय वायु सेना के **पुराने हो रहे Avro-748 विमानों के बेड़े की जगह लेगा।**
  - Avro-748 विमान **ब्रिटिश मूल के दोहरे इंजन वाले टर्बोप्रॉप, सैन्य परिवहन और मालवाहक विमान हैं** जिनकी माल ढुलाई क्षमता 6 टन है।



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/full-motion-simulator-facility-inaugurated-in-agra